an>

Title: Need to set up railway station at Durga Mandir in Hamirpur Parliamentary Constituency.

कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल (हमीरपुर): उपाध्यक्ष महोदय, मैं उत्तर प्रदेश के हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से आता हूं। मेरा मानना है कि उ.प्र. में सिर्फ एकमात्र मेरा संसदीय क्षेत्र ऐसा होगा जहां से सौ किलोमीटर रेलवे लाइन होने के बावजूद हमीरपुर संसदीय क्षेत्र, जो हमीरपुर जिला मुख्यालय भी है, रेलवे स्टेशन न होकर बगल के कानपुर जनपद में 12 कि.मी. की दूरी पर इंटीरियर में है। वहां रेल मंत्रालय द्वारा बहुत पहले दुर्गा मंदिर का एक सर्वे करवाया गया था। अगर वहां रेलवे स्टेशन बन जाए तो प्रतिमाह पूरे संसदीय क्षेत्र के कम से कम 50-60 हजार लोगों को दिल्ली और कानपुर आने-जाने की ट्रेन की सस्ती सुविधा मिलेगी। वह गरीब क्षेत्र है, लोग सूखे से परेशान हैं। उन्हें ट्रेन की सुविधा मिलने से यातायात का साधन सुगम होने से बुन्देलखण्ड के मजबूर अन्नदाता किसानों का हित होगा और रेलवे की आय भी बढ़ेगी।